**Regarding bus and train services in Uttar Pradesh**

**श्री वीरेन्द्र सिंह (चन्दौली) :** सभापति जी, धन्यवाद । चन्दौली जनपद, जो उत्तर प्रदेश का सबसे पिछड़ा क्षेत्र है, मैं वहां से चुनकर आया हूं । वर्ष 1997 के बाद उत्तर प्रदेश में 14 नए जनपदों का सृजन हुआ और उनमें चन्दौली जिला है । आज वहां पर कोई आधारभूत सुविधाएं नहीं हैं । वहां पर ट्रांसपोर्ट के लिए बस अड्डा नहीं है ।

**माननीय सभापति :** आपका विषय क्या है?

**श्री वीरेन्द्र सिंह :** वहां पर कारागार नहीं है, न न्यायालय है, न स्टेडियम है, गरीबों, किसानों, मजदूरों के जाने के लिए राजस्व कार्यालय नहीं है और अधिकारियों के लिए भी कार्यालय नहीं है । ? (व्यवधान) मैं केवल एक बात कहकर अपनी बात समाप्त करूंगा । चन्दौली जनपद एक ऐसा जनपद है, जहां से रेल लाइन तो गुजरती है, लेकिन एक भी ट्रेन वहां से आती-जाती नहीं है । मेरी मांग है कि वहां पर आधारभूत संरचना डेवलप की जाए ।